# डीपफेक से ट्रस्ट हैक का खतरा बढ़ा : सीतारमण

## फिनटेक फेस्ट में वित्त मंत्री ने एआई आधारित धोखाधड़ी पर जताई चिंता

**मुंबई, 07 अक्टूबर. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपने कई डीपफेक वीडियो ऑनलाइन सर्कुलेट होते देखे हैं, जिनमें नागरिकों को गुमराह करने और तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के लिए हेरफेर किया गया है. उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह हमें अपनी सुरक्षा को तेज़ी से मजबूत करने की याद दिलाता है.**



मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 के छठे संस्करण को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि नई पीढ़ी के फ्रॉड (धोखाधड़ी) न केवल फायरवॉल्स को भेदने से संबंधित हैं, बल्कि ये ट्रस्ट को हैक करने से जुड़े हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि अपराधी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल आवाज़ की नकल करने, पहचान का क्लोन बनाने और ऐसे वास्तविक लगने वाले वीडियो बनाने के लिए कर रहे हैं, जो आम लोगों को आसानी से प्रभावित कर सकते हैं.

**फिनटेक सुरक्षा और सेबी %चेक%-** सीतारमण ने इस नई धोखाधड़ी की चुनौती के बीच सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि 90 प्रतिशत से अधिक निवेशकों को कवर करने वाले प्रमुख ब्रोकर और सभी म्यूचुअल फंड पहले ही सुरक्षित पेमेंट चैनलों को सक्षम कर चुके हैं. केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि एक वैध हैंडल, उपयोगकर्ता की प्राथमिकताओं को प्रभावित किए बिना, सुरक्षा और पहुंच को बेहतर बनाते हुए, मौजूदा भुगतान विकल्पों को बनाए रखते हुए प्रतिभूति बाजार में एक सत्यापित और सुरक्षित पेमेंट चैनल स्थापित करता है.

इस दिशा में, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है.

### भारत-एआई और फिनटेक इनोवेशन का ग्लोबल हब

वित्त मंत्री ने इस बात को भी रेखांकित किया कि सरकार ने नीतिगत समर्थन, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और दूरदर्शी विनियमन के संतुलित मिश्रण के माध्यम से फिनटेक सेक्टर के विकास और इनोवेशन को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभाई है. उन्होंने कहा कि आधार, यूपीआई, अकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क और डिजि लॉकर ने नागरिकों की बेहतरी के लिए सार्वजनिक वित्त के संचालन के तरीके को निर्णायक रूप से बदल दिया है.


# भारत को पड़ोसियों से बढ़ाना होगा व्यापार

**सुब्रह्मण्यम बोले—चीन को नज़रअंदाज़ करना असंभव, उससे व्यापार ज़रूरी**

**बांग्लादेश भारत का छठा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना**

**नई दिल्ली, 07 अक्टूबर. नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने भारत के लिए अपने पड़ोसी देशों, विशेष रूप से चीन, के साथ मजबूत व्यापारिक संबंध बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया है. उन्होंने कहा कि 18,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले चीन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता.**

सुब्रह्मण्यम ने साफ तौर पर कहा कि भारत को चीन के साथ व्यापारिक रिश्ते मजबूत करने होंगे.



उन्होंने कहा, एशिया पर पूरा ध्यान केंद्रित करें. इससे कोई बच नहीं सकता. अगर आप चीन को ज्यादा कुछ नहीं बेच पा रहे हैं, तो क्या फायदा, क्योंकि यह 18,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था है – आप उस अर्थव्यवस्था से बच नहीं सकते. उन्होंने कहा कि भारत को चीन से प्रतिस्पर्धा करने और उसे बेचने में सक्षम होना चाहिए, क्योंकि अच्छे देशों का चीन के साथ व्यापार अधिशेष है.

चीन से निवेश पर प्रतिबंध हटाने के सवाल पर सीधा जवाब देने से बचते हुए, उन्होंने केवल इतना कहा कि चीन भारत के लिए एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है. सीईओ ने पड़ोसी देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की जरूरत बताई. उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत एक बहुत ही कठिन भौगोलिक क्षेत्र में है.

### दिवाली से पहले आ सकते हैं और सुधार

व्यापारिक रिश्तों पर जोर देने के अलावा, सुब्रह्मण्यम ने देश में आगामी आर्थिक सुधारों के भी संकेत दिए. उन्होंने कहा कि जीएसटी 2.0 के बाद दिवाली से पहले सुधारों की एक और कड़ी की घोषणा हो सकती है. उन्होंने बताया कि कैबिनेट सचिव राजीव गौबा के नेतृत्व वाली समिति ने इन सुधारों पर अपनी रिपोर्ट पहले ही जमा कर दी है.

# निसान ने पेश किया सी-एसयूवी टेकटॉन का फर्स्ट लुक



**नयी दिल्ली, 07 अक्टूबर. निसान मोटर इंडिया ने मंगलवार को अपने सी-एसयूवी टेकटॉन का फर्स्ट लुक पेश किया. कंपनी के अधिकारियों ने यहां एक वर्चुअल कार्यक्रम में इसका फर्स्ट लुक पेश करते हुए बताया कि इस प्रीमियम सी-एसयूवी को अगले साल पूरी तरह प्रदर्शित किया जायेगा और इसकी बिक्री शुरू होगी.**

निसान की एक कार, एक विश्व की रणनीति के तहत पेश होने वाली यह दूसरी कार है. इसका निर्माण रेनॉ के साथ मिलकर चेन्नई प्लांट में किया गया है. कंपनी की योजना भविष्य में भारत से ही इसका निर्यात करने की भी है. टेकटॉन, जिसका ग्रीक भाषा में अर्थ आर्किटेक्चर होता है, के बारे में निसान मोटर कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यकारी अल्फान्सो अल्बाइसा ने दावा किया कि जब यह बाजार में पेश होगी, तो इसका बोल्ड लुक, विश्वसनीयता और आधुनिक टेक फीचर बाजार के समीकरण को पूरी तरह बदल देंगे.

भारत में निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक सौरभ वत्स ने कहा कि टेकटॉन भारत में निसान के पुनरुद्धार की गाथा का केंद्रीय बिन्दु बनेगा और उसका नेतृत्व करेगा. यह देश में कंपनी के भावी उत्पाद पोर्टफोलियो की झलक प्रदान करता है.

# अमेरिका से व्यापार समझौते की संभावना मजबूत : गोयल

**भारत बिना समयसीमा के व्यावहारिक वार्ता नीति अपनाता है**

**कतर राष्ट्रीय बैंक में यूपीआई लॉन्च से डिजिटल भुगतान सशक्त**

**दोहा, 7 अक्टूबर. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को घोषणा की कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पूरी संभावना है और दोनों देशों के बीच विभिन्न स्तरों पर बातचीत जारी है.**

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत किसी निर्धारित समयसीमा के आधार पर वार्ता नहीं करता, हालांकि अमेरिका में सरकारी कार्य बंद रहने की स्थिति को देखते हुए वार्ता की प्रगति पर नजर रखी जा रही है.



(कतर विकास बैंक के सीईओ अब्दुलरहमान हेशाम अल-सौवेदी और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल)

**कतर में यूपीआई की शुरुआत और साझेदारी पर बल-** गोयल ने अपनी दोहा यात्रा के दौरान लुलु हाइपरमार्केट में भारत की एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई) का शुभारंभ किया. यह प्रणाली अब कतर राष्ट्रीय बैंक के भुगतान टर्मिनलों पर शुरू हो गई है, जिससे डिजिटल संपर्क मजबूत होगा और भारतीय यात्रियों के लिए सीमापार व्यापार एवं पर्यटन आसान बनेगा.

उन्होंने कतर विकास बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से भी मुलाकात की और तीसरे देशों की परियोजनाओं में कतर के व्यवसायों को सुनिश्चित वित्तीय सहयोग के साथ साझेदारी के लिए आमंत्रित किया.

### यूरोपीय संघ संग संतुलित मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में कदम

यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर ब्रुसेल्स में सकारात्मक चर्चा हो रही है. गोयल ने कहा कि 27 देशों वाले 20 खरब डॉलर मूल्य के यूरोपीय संघ और भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बीच साझेदारी को संतुलित और न्यायसंगत बनाया जाएगा.



# सितंबर माह के दौरान बिके तीन लाख यात्री वाहन

**दुपहिया वाहन जीएसटी दरों में कटौती लागू होने के बाद बिके**

**नवरात्र की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखा गया**

**दिल्ली, 07 अक्टूबर. देश में गत सितंबर महीने में यात्री वाहनों और दुपहिया की खुदरा बिक्री में दो अलग-अलग ट्रेंड देखने को मिले – पूरे महीने की बिक्री में जहां स्थिर वृद्धि दर्ज की गयी और यहां तक कि अगस्त की तुलना में गिरावट रही वहीं वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नयी दरें लागू होने के कारण नवरात्र की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखा गया.**


वाहन डीलरों के महासंघ फाडा ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में बताया कि सितंबर में देश में कुल 2,99,369 यात्री वाहन बिके जो पिछले साल सितंबर की तुलना में 5.80 प्रतिशत अधिक है. हालांकि यह अगस्त 2025 की बिक्री से 7.39 फीसदी कम है. यात्री वाहनों में कार, एसयूवी और वैन को शामिल किया जाता है. इसी प्रकार दुपहिया की ब्रिक्री सितंबर में 12,87,735 इकाई रही जो सितंबर 2024 से 6.51 प्रतिशत अधिक और अगस्त 2025 से 6.26 प्रतिशत कम है. रिपोर्ट में नवरात्र के आंकड़े अलग से दिये गये हैं. जीएसटी परिषद ने 03 सितंबर को अन्य वस्तुओं के साथ अधिकतर वाहनों पर करों में कटौती की घोषणा की थी जो 22 सितंबर को नवरात्र के पहले दिन से लागू हुई. यही कारण रहा कि लोगों ने इस दौरान खरीद टाल दी.

फाडा ने उम्मीद जतायी है कि धनतेरस और दिवाली को देखते हुये अक्टूबर में भी वाहनों की बिक्री में मजबूती जारी रहेगी. सितंबर महीने में सालाना आधार पर वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 2.66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी. ट्रैक्टरों की बिक्री 3.61 प्रतिशत बढ़ी. वहीं, तिपहिया की बिक्री में 7.20 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी. देश में वाहनों की कुल बिक्री सितंबर में एक साल पहले की तुलना में 5.22 फीसदी बढ़कर 18,27,337 पर पहुंच गयी.

# शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन तेजी

**136** अंक की बढ़त पर रहा संसेक्स

**30.65** अंक पर पहुंचा निफ्टी



**मुंबई, 07 अक्टूबर. घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुये. बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 136.63 अंक (0.17 प्रतिशत) की बढ़त में 81,926.75 अंक पर बंद हुआ. बीच कारोबार में एक समय यह 500 अंक से अधिक चढ़ चुका था.**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 30.65 अंक यानी 0.12 फीसदी ऊपर 25,108.30 अंक पर पहुंच गया. यह दोनों का 23 सितंबर के बाद का उच्चतम स्तर है. रियलिटी, तेल एवं गैस, फार्मा, ऑटो, वित्त, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांकों में तेजी रही. वहीं, बैंकिंग, एफएमसीजी, धातु और आईटी सेक्टरों में बिकवाली ज्यादा रही. सेंसेक्स की 30 में 14 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 16 के लाल निशान में बंद हुये. भारती एयरटेल में सबसे अधिक 1.55 प्रतिशत की तेजी देखी गयी. एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर भी 1.40 प्रतिशत चढ़ा. अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, और मारुति सुजुकी के शेयर भी बढ़त में बंद हुये.

# एलएंडटी फाइनेंस ने एआई स्टार्टअप के लिए शुरू की प्रतियोगिता

**मुंबई, 07 अक्टूबर.** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड (एलटीएफ) ने रेज 25 से पहले एआई स्टार्टअप के लिए पिच प्वाइंट नाम से प्रतियोगिता शुरू करने की घोषणा की है. रेज 25 देश का प्रमुख एआई-थीम आधारित इवेंट है.

पिच प्वाइंट के दो विजेताओं को 25-25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जायेगी. इसके अलावा उन्हें एलएंडटी इनोवेशन फंड से इक्विटी फंडिंग मिलने की भी संभावना रहेगी.

# सस्ती हुई आम आदमी की थाली



**मुंबई, 07 अक्टबूर.** सब्जियों और दालों की कीमतों में नरमी के कारण सितंबर में आम लोगों की थाली एक साल पहले की तुलना में सस्ती हुई. साख निर्धारक एवं बाजार अध्ययन एजेंसी क्रिसिल इंटेलिजेंस की मंगलवार को जारी मासिक रोटी राइस रेट रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर 2024 के मुकाबले सितंबर 2025 में निरामिष (वेज) थाली 10 प्रतिशत और सामिष (नॉन-वेज) थाली छह प्रतिशत सस्ती हुई.

रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर में सालाना आधार पर आलू की कीमत 31 प्रतिशत और टमाटर की आठ प्रतिशत कम हुई. उत्पादन बढ़ने और बंगलादेश को निर्यात कम होने से प्याज 46 प्रतिशत सस्ता हुआ है. इसके अलावा मार्च 2026 तक चुनिंदा दालों के आयात की अनुमति देने से दालों के दाम 16 फीसदी घट गये. वहीं, खाद्य तेलों के दाम में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी. इसके साथ ही, रसोई गैस के दाम बढ़ने से थाली की कुल लागत में गिरावट सीमित रही.

## समाचार विशेष

# आसमान में राजनीति का नया अंदाज

## जब पायलट बने सांसद रूडी तो शिवराज बोले—'राजीव जी, आज आपने दिल जीत लिया!'

**पटना. राजनीति के मंच पर अपने सधे तेवर और व्यावहारिक अंदाज़ के लिए मशहूर छपरा सांसद राजीव प्रताप रूडी शनिवार को एक बार फिर अपने अलग ही रूप में नजर आए विमान के कॉकपिट में बतौर पायलट! यूँ तो सब जानते हैं कि रूडी पेशे से एक प्रशिक्षित पायलट हैं, लेकिन इस बार उनकी उड़ान ने सिर्फ यात्रियों ही नहीं, बल्कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का भी दिल जीत लिया.**



दरअसल, शनिवार को पटना से दिल्ली की उड़ान में शिवराज सिंह चौहान यात्री के रूप में सवार थे. फ्लाइट में जब उन्होंने सह-कैप्टन के तौर पर अपने पुराने मित्र राजीव प्रताप रूडी को देखा, तो आश्चर्य के साथ मुस्कान भी थम नहीं पाई. बाद में शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा —राजीव जी, आज आपने दिल जीत लिया. आज पटना से दिल्ली की हवाई यात्रा मेरे लिए अविस्मरणीय रही, क्योंकि इस फ्लाइट के सह-कैप्टन थे मेरे प्रिय मित्र, वरिष्ठ राजनेता और छपरा सांसद राजीव प्रताप रूडी जी. शिवराज ने आगे लिखा कि रूडी का यात्रियों से बात करने का अंदाज़ रोचक, आत्मीय और बिल्कुल देसी था. उन्होंने जिस तरह सरल भाषा में यात्रा का पूरा ब्यौरा दिया वो किसी 'एयरक्राफ्ट एनाउंसमेंट' से ज्यादा एक दोस्ताना बातचीत जैसा लगा.

### रूडी के अंदाज-ए-बयां पर फिदा

रूडी ने अपनी घोषणा की शुरुआत इस तरह की आज पटना के चारों ओर बादलों ने डेरा जमाया है. कल से लगातार बारिश हो रही है. हम बादलों के बीच से और हल्की फुहारों के साथ दिल्ली की ओर उड़ान भर रहे हैं. रास्ते में बाईं ओर प्रयागराज, दाईं ओर लखनऊ, और नीचे गंगा जी व यमुना जी के दर्शन होंगे. उतरते वक्त अगर बादल न रहे, तो नोएडा की हाई-राइज बिल्डिंग्स की रोशनी भी दिखाई देगी. शिवराज ने लिखा कि रूडी ने यात्रा से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी इतनी आत्मीयता से साझा की कि यात्री मंत्रमुग्ध हो गए.

# भाजपा और बीआरएस के लिए मौका

**हैदराबाद. तेलंगाना में कांग्रेस की रेवंत रेड्डी सरकार की परीक्षा है तो साथ ही कांग्रेस को चुनौती दे रही दोनों विपक्षी पार्टियों भारत राष्ट्र समिति और भारतीय जनता पार्टी की भी परीक्षा है. राज्य में स्थानीय निकायों के चुनाव होने जा रहे हैं. नौ अक्टूबर से चुनाव शुरू हो रहा है. सरपंच से लेकर मंडल परिषद तक के चुनाव हो रहे हैं, जो नवंबर तक चलेंगे.**

रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री बने ठीक दो साल हुए हैं. इसे उनका मिड टर्म कह सकते हैं. इसमें पता चलेगा कि उनकी सरकार के कामकाज को लोग कैसे देख रहे हैं. ध्यान रहे रेवंत रेड्डी देश भर में कांग्रेस का चेहरा बन कर उभरे हैं. उन्होंने विपक्ष को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार दिया.





उधर भारत राष्ट्र समिति के सामने असली चुनौती है. पिछले दिनों पार्टी विरोधी गतिविधियों के नाम पर पार्टी सुप्रीमो के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता को निकाला गया. पार्टी से निकाले जाने के बाद उन्होंने एमएलसी पद से भी इस्तीफा दे दिया और अब नई पार्टी बनाने जा रही हैं. परिवार और पार्टी के बिखराव के बीच बीआरएस के लिए अपने को खड़ा करने का यह मौका होगा. भाजपा के पास खोने के लिए कुछ नहीं है. फिर भी माना जा रहा है कि भाजपा और बीआरएस अंदरखाने कुछ अंडरस्टैंडिंग बना सकते हैं ताकि कांग्रेस को कमजोर किया जा सके. असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया एमआईएम का असर सिर्फ हैदराबाद तक है लेकिन उसकी भूमिका भी देखने वाली है. निकाय चुनावों के अलावा जुबली हिल्स विधानसभा सीट का उपचुनाव भी बहुत अहम होगा.

# अब खेल-खेल में युवाओं को जोड़ेगी भाजपा

## सांसद खेल महोत्सव खिलड़ियों के लिए भी बड़ा मौका

**लखनऊ. भाजपा खेल-खेल में युवाओं को जोड़ेगी. खेल मंत्रालय यूं तो युवा खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन करवा रहा है, लेकिन इसमें भाजपा की नजर युवाओं पर होगी. इस प्रतियोगिता में क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी जैसे खेलों के अलावा एथलेटिक्स और परंपरागत ग्रामीण खेलों का भी आयोजन किया जाएगा.**





ग्राम पंचायत और वॉर्ड स्तर से लेकर लोकसभा स्तर तक कई चरणों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा. यह प्रतियोगिता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक चलेगी.

खेल महोत्सव की औपचारिक शुरुआत की तारीख यूं तो 21 सितंबर थी और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 20 सितंबर तक होना था, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में दिक्कतें और पूरे देश में इतनी बड़ी प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा लोगों को मौका देने के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन भी किए जा रहे हैं. ज्यादातर ग्राम पंचायतों और वॉर्डों में अब भी रजिस्ट्रेशन हो रहे है. प्रतियोगिता के लिए लोकसभा क्षेत्र में समन्वय की जिम्मेदारी संबंधित सांसद की होगी.

प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल के अनुसार पहले ग्राम पंचायत और वॉर्ड स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा. इसके बाद मंडल, विधान सभा, जिला और फिर लोकसभा स्तर पर प्रतियोगिता होगी. इसके बाद देश भर में लोकसभा में विजयी खिलाड़ियों के बीच प्रतियोगिता होगी. इससे हमारी ग्रामीण युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा.

**विशेष** | 100 सीटें जीतने के लक्ष्य के पीछे की सियासी प्लानिंग

# भाजपा नए चेहरों पर नहीं लगाएगी दांव!

**पटना. चुनाव आयोग द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा किसी भी समय किए जाने की संभावना के बीच, भाजपा को अपने मौजूदा विधायकों को अपने पाले में करने में कठिनाई हो सकती है, क्योंकि वह एनडीए के भीतर अधिक सीटों के लिए प्रयास कर रही है.**

2020 के चुनावों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर राजद से बस थोड़ा पीछे रही थी, और उसके 22 मंत्रियों समेत 80 विधायक आगामी चुनावों में सत्ता विरोधी लहर के बोझ तले दबे हुए हैं. नीतीश कुमार, जिनके नेतृत्व में एनडीए बिहार में चुनाव लड़ रहा है, पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनने की कोशिश में हैं.





हालांकि पार्टी को उम्मीद है कि हाल के दिनों में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार द्वारा घोषित योजनाओं और कार्यक्रमों की श्रृंखला इसमें संतुलन स्थापित करेगी, लेकिन आदर्श रूप से, वह नए चेहरों के साथ उतरना चाहेगी – जो कहना आसान है, करना मुश्किल. बिहार के एक भाजपा नेता ने कहा कि विभिन्न वर्गों के लिए बनाई गई नई योजनाओं ने निश्चित रूप से एनडीए की संभावनाओं को उज्ज्वल किया है. लेकिन मौजूदा विधायकों के प्रति मतदाताओं की नाराजगी एक बाधा बन सकती है. बिहार में अब हमारे लिए सत्ता विरोधी लहर बनाम रियायतें हैं.

**कोर ग्रुप की बैठक-** सूत्रों ने बताया कि पिछले हफ्ते उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए हुई भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में, 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले गुजरात की तरह व्यापक फेरबदल पर विचार किया गया. भाजपा ने राज्य में, जहाँ वह सातवीं बार सत्ता में आने के लिए संघर्ष कर रही थी, चुनाव से पहले के महीनों में सत्ता विरोधी लहर से निपटने के लिए अपना पूरा मंत्रिमंडल बदल दिया, साथ ही अपने 108 मौजूदा विधायकों में से 45 को टिकट भी दे दिया.

### 'बिहार कोई गुजरात नहीं'

इसके अलावा, बिहार कोई गुजरात नहीं है – न तो बिहार में भाजपा का पूर्ण प्रभुत्व है, न ही राज्य में पार्टी के लिए शक्तिशाली दावेदारों की कमी है. इसका मतलब है कि नाखुश नेता भारी पड़ सकते हैं. भाजपा के सामने कर्नाटक का सबक है, जहाँ जिन लोगों को टिकट नहीं दिया गया था, उनमें से कई बागी हो गए और विरोधी खेमों में शामिल होकर पार्टी को नुकसान पहुंचाया. तुलनात्मक रूप से, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जेडीयू, जो सीटों के लिए कड़ी सौदेबाजी करने की कोशिश कर रही है, फायदे में है.